कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

क्रमांक/ 1023 /स्था.एक/पटवारी/317673/2024 ग्वालियर, दिनांक 4/10/2024

प्रति

कलेक्टर,
जिला- समस्त
मध्यप्रदेश ।

विषय: पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 के माध्यम से चयनित अभ्यार्थियों की तीसरी काउंसलिंग के संबंध मे।

संदर्भ: कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख का पत्र क्रमांक/ 172 /स्था./पटवारी 2023 ग्वालियर, दिनांक 18/02/2024

विषयांतर्गत पटवारी भर्ती परीक्षा 2022-23 के संबंध मे दो काउंसलिंग दिनांक 24.02.24 एवं 9.03.24 को आयोजित की जा चुकी हैं। दोनो काउंसलिंग मे पात्र अभ्यर्थियों के अतिरिक्त विज्ञापित 6755 पदों के विरुद्ध 1776 रिक्त पदों की जानकारी जिलों द्वारा कार्यालय को प्रेषित की गई है। इन रिक्त पदों की पूर्ती अतिरिक्त काउंसलिंग के माध्यम से करने की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है। यह काउंसलिंग MPONLINE द्वारा तैयार किए गए पोर्टल www.prc.mponline.gov.in के माध्यम से की जावेगी। अतः इसी क्रम मे तीसरी काउंसलिंग दिनांक **28 अक्टूबर 2024** को निर्धारित की जाकर निम्नानुसार दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं -

1. **काउंसलिंग का स्थान-** यह काउंसलिंग केवल ऐसे जिलों मे की जाए जो कि पटवारी भर्ती परीक्षा 2022-23 मे विज्ञापित थे एवं पूर्व मे आयोजित दोनो काउंसलिंग उपरांत जिलों द्वारा पद रिक्त होने की सूचना कार्यालय को दी गई है।
2. **पोर्टल से चयन सूची का मिलान-** इस काउंसलिंग हेतु जिलों द्वारा प्रेषित रिक्त पदों के आधार पर mponline द्वारा चयन सूची तैयार कर https://prc.mponline.gov.in पर सभी जिलों को अपने अपने जिले के लॉगिन आई.डी. पर चयन सूची प्रदर्शित कराई जा रही है। इस चयन सूची को कार्यालय द्वारा सभी जिलों को ई-मेल पर भी प्रेषित की जा रही है, जिसमें अभ्यर्थियों के प्राप्तांक की जानकारी भी जोड़ी गई है। कृपया इस सूची का मिलान पोर्टल पर उपलब्ध चयन सूची से कर इस पत्र के साथ संलग्न परिशिष्ट-1 कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. सभी अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी करने एवं काउंसलिंग दिनांक को उपस्थित होने के बीच न्यूनतम 15 दिवस का समय दिया जाना सुनिश्चत करें।
4. इस काउंसलिंग से संबंधित विभिन्न कार्यो के लिए निम्नानुसार समय सीमा निर्धारित की जाती है-

क्र.	कार्य का विवरण	समय सीमा
1	पोर्टल से सूची का मिलान	**05.10.24**
2	चयनित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग दिनांक को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी करना	**06.10.24 से 08.10.24**
3	पोर्टल पर अभ्यर्थियों को दस्तावेज अपलोड करने की सुविधा	**08.10.24 से 18.10.24**

4	जिलों द्वारा पोर्टल से दस्तावेज डाउनलोड कर पृथक-पृथक फाईल बनाना	**19.10.24 से 25.10.24**
5	काउंसलिंग का आयोजन	**28.10.24**
6	रिक्त पदों की जानकारी संलग्न प्रारूप में प्रेषित करना	**30.10.24**

नोट- रिक्त पदों की गणना के लिए इस काउंसलिंग मे, अनुपस्थित एवं अपात्र अभ्यर्थियों की श्रेणीवार गणना कर संलग्न प्रारूप- 6 मे तैयार करें। इन रिक्त पदों मे ऐसे अभ्यर्थियों के रिक्त पद को भी समाहित करे (दिव्यांग के पदों को छोड़कर) जो कि तृतीय काउंसलिंग हेतु जिलों द्वारा कार्यालय को प्रेषित किए गए रिक्त पदों की संख्या मे सम्मिलित नही किए गए थे, जैसे प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न कारणों यथा त्यागपत्र/अनुपस्थि/अन्य कारण से हुए रिक्त पद लेकिन उक्त रिक्त पद पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 मे विज्ञापित हों।

5. शेष निर्देश संदर्भित पत्र अनुसार रहेंगे। इस काउंसलिंग हेतु केवल परिशिष्ट-1 एवं 6 मे परिवर्तन किया गया है। शेष परिशिष्ट पूर्वानुसार ही रहेंगे। संदर्भित पत्र की कण्डिका 10 के संबंध मे लेख है कि प्रशिक्षण की दिनांक एवं स्थान की जानकारी जिलों को पृथक से सूचित की जावेगी।

उपरोक्तानुसार निर्देश का पालन कर इस काउंसलिंग से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय को **clrest@mp.gov.in** पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

(आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा अनुमोदित)

संलग्न- उपरोक्तानुसार।

अपर आयुक्त
भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

पृष्ठांकन क्रमांक 1023 /स्था.एक/पटवारी/317673/2024 ग्वालियर, दिनांक 4/10/2024

प्रतिलिपि-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त क्षेत्रीय उपायुक्त, भू-अभिलेख मध्यप्रदेश की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्त कार्यवाही समय-सीमा में करने हेतु समस्त अधीक्षक, भू-अभिलेख का पर्यवेक्षण करें तथा समस्याओं का निराकरण करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराये।
4. समस्त अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त अधीक्षक, भू-अभिलेख मध्यप्रदेश की ओर पालनार्थ।
6. श्री शंकर दास, Business head, Mponline ltd, Bhopal की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

अपर आयुक्त
भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

परिशिष्ट-1

प्रमाणित किया जाता है कि जिला .... द्वारा आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय से ई-मेल द्वारा प्राप्त पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम का मिलान mponline portal पर उपलब्ध परीक्षा परीणाम से कर लिया है। दोनो में कोई विसंगति नही है।

कलेक्टर

जिला ....

परिशिष्ट-6

पटवारी के रिक्त पदों की जानकारी जिला ....

No		OPEN					FEMALE					EX SERVICEMAN OPEN					EX SERVICEMAN					SAMVIDA OPEN					SAMVIDA FEMALE					
		UR	EWS	SC	ST	OBC	UR	EWS	SC	ST	OBC	UR	EWS	SC	ST	OBC	UR	EWS	SC	ST	OBC	UR	EWS	SC	ST	OBC	UR	EWS	SC	ST	OBC	TOTAL
1	तृतीय काउंसलिंग में अनुपस्थित एवं अपात्र होने से अभ्यर्थियों के रिक्त पद																															
2	बिन्दु क्र. 1 के अतिरिक्त रिक्त पद जो भर्ती मे विज्ञापित थे और तीसरी काउंसलिंग हेतु प्रेषित रिक्त पदों मे सम्मिलित नही किए गए थे लेकिन अब रिक्त हैं (त्यागपत्र/ अनुपस्थित/अन्य कारण)																															
3	कुल योग																															